# *भारत का विदेश व्यापार : 2007-08 (अप्रैल-जनवरी)**

अप्रैल-जनवरी,2007-08 के लिए भारत के पण्य व्यापार संबंधी अनंतिम आंकड़े तथा अप्रैल-नवम्बर 2007 के लिए पण्यवार ब्यौरे वाणिज्यिक आसूचना तथा अंक संकलन महानिदेशालय द्वारा प्रस्तुत किए गए हैं। इन आंकड़ों के आधार पर यह समीक्षा तैयार की गई है।

## मुख्य-मुख्य बातें

- जनवरी 2008 में पण्य निर्यात में 20.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो जनवरी 2007 में हुई वृद्धि (19.0 प्रतिशत) की तुलना में थोड़ी अधिक थी। अप्रैल-जनवरी, 2007-08 में हुआ 124.1 बिलियन अमरीकी डालर का कुल निर्यात 21.5 प्रतिशत अधिक था जो एक साल पहले (24.0 प्रतिशत) की तुलना में थोड़ा कम था।
- जनवरी 2008 में आयात में एक साल पहले के 6.7 प्रतिशत की तुलना में 63.6 प्रतिशत की तीव्र वृद्धि दर्ज की गई। अप्रैल-जनवरी, 2007-08 में हुआ 191.5 बिलियन अमरीकी डालर का आयात एक वर्ष पहले (25.4 प्रतिशत) की तुलना में 29.5 प्रतिशत अधिक था।
- अप्रैल-जनवरी, 2007-08 में पेट्रोलियम, तेल और स्नेहक का आयात कम होकर 19.4 प्रतिशत (33.7 प्रतिशत) हो गया। तेल से इतर आयात तेजी से बढ़कर 34.3 प्रतिशत (एक साल पहले 21.9 प्रतिशत) हो गया तथा कुल आयात में हुई वृद्धि में इसका अंशदान 79 प्रतिशत था।
- अप्रैल-जनवरी, 2007-08 में कच्चे तेल के भारतीय बास्केट का औसत मूल्य 76.2 अमरीकी डालर प्रति बैरल (65.5 अमरीकी डालर तथा 89.5 अमरीकी डालर प्रति बैरल के दायरे के बीच) था, जो पिछले वर्ष के मूल्य की तुलना में 20.4 प्रतिशत अधिक था।
- अप्रैल-जनवरी, 2007-08 में व्यापार घाटा 67.4 बिलियन अमरीकी डालर पर पहुंच गया तथा

* अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रभाग, आर्थिक विश्लेषण और नीति विभाग, भारतीय रिज़र्व बैंक में तैयार किया गया। इस लेख को पिछला अंक रिज़र्व बैंक बुलेटिन, मार्च 2008 में प्रकाशित हुआ था ।

एक साल पहले (45.7 बिलियन अमरीकी डालर) की तुलना में 21.6 बिलियन अमरीकी डालर अधिक था।

## निर्यात

जनवरी 2008 में 13.1 बिलियन अमरीकी डालर पर भारत का पण्य निर्यात जनवरी 2007 के 19.0 प्रतिशत की तुलना में 20.5 प्रतिशत अधिक था (चार्ट 1, विवरण 1)। अप्रैल-जनवरी, 2007-08 में कुल निर्यात 124.1 बिलियन अमरीकी डालर (21.5 प्रतिशत) था जो पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि में हुई वृद्धि (24.0 प्रतिशत) की तुलना में कुछ कमी दर्शाता है। चालू वित्तीय वर्ष (अप्रैल-जनवरी, 2007-08) के पहले 10 महीनों के दौरान वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्धारित लक्ष्य (160 बिलियन अमरीकी डालर) का 78 प्रतिशत निर्यात हुआ, जबकि इसकी तुलना में एक वर्ष पहले यह 82 प्रतिशत (125 बिलियन अमरीकी डालर) था (सारणी 1, विवरण 2)।

**सारणी 1: भारत का पण्य व्यापार : अप्रैल-जनवरी**

(मिलि. अम. डॉलर)

| **मद** | **2006-07सं** | **2007-08अ** |
|---|---|---|
| निर्मित | 1,02,138 | 1,24,086 |
| | (24.0) | (21.5) |
| तेल निर्यात* | 12,828 | 17,370 |
| | (79.4) | (35.4) |
| तेल से इतर निर्यात* | 67,932 | 83,144 |
| | (19.7) | (22.4) |
| आयात | 1,47,867 | 1,91,453 |
| | (25.4) | (29.5) |
| तेल आयात | 47,657 | 56,892 |
| | (33.7) | (19.4) |
| तेल से इतर आयात | 1,00,210 | 1,34,560 |
| | (21.9) | (34.3) |
| व्यापार शेष | -45,729 | -67,366 |

**नोट :** आंकड़े अप्रैल-नवंबर से संबंधित हैं। कोष्ठकों के आंकड़े पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत परिवर्तन दर्शाते हैं।

अ : अनंतिम सं : संशोधित

स्रोत : वाणिज्यिक आ सूचना और अंक संकलन महानिदेशालय

चार्ट 1 : भारत के निर्यात में वृद्धि




अप्रैल-नवंबर, 2007 के लिए उपलब्ध पण्यवार निर्यात संबंधी आंकड़ों में कृषि तथा संबद्ध उत्पादों और रत्न तथा आभूषण को छोड़कर अधिकांश प्रमुख उत्पाद समूहों में गिरावट देखी गई। कृषि तथा संबद्ध उत्पाद, इंजीनियरिंग माल, रत्न और आभूषण तथा पेट्रोलियम उत्पाद निर्यात वृद्धि के वाहक थे क्योंकि इन उत्पादों ने कुल मिलाकर अप्रैल-नवंबर, 2007-08 के दौरान निर्यात वृद्धि में लगभग 70 प्रतिशत का अंशदान किया (चार्ट 2)।

चार्ट 2 : चुनिंदा पण्यों के निर्यात की वृद्धि दरें (अप्रैल-नवंबर)



अप्रैल-नवंबर, 2007 के दौरान प्राथमिक उत्पादों के निर्यात में कृषि तथा संबद्ध उत्पादों (31.3 प्रतिशत) तथा लौह अयस्क (29.6 प्रतिशत) के निर्यात में हुई वृद्धि के कारण 28.3 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की गई। कृषि तथा संबद्ध उत्पादों के भीतर चावल, तंबाखू, मसालों, खली एवं सामुद्रिक उत्पादों के निर्यात में वृद्धि हुई, जबकि चाय, काफी और काजू के निर्यात में गिरावट आई।

सामान्य तौर पर विनिर्मित उत्पादों की निर्यात वृद्धि में इंजीनियरिंग माल, वस्त्र तथा वस्त्र उत्पाद और रसायन तथा संबद्ध उत्पाद जैसे प्रधान घटकों के निर्यात में आयी गिरावट के कारण कमी आई जबकि रत्न और आभूषण के निर्यात में तेज वृद्धि दिखाई दी।

परिवहन उपकरणों तथा धातुओं के विनिर्माण में तीव्र वृद्धि दर्ज किए जाने पर भी मशीनरी और उपस्करों, लोहा और इस्पात तथा इलैक्ट्रॉनिक माल के निर्यात में आई कमी के कारण इंजीनियरिंग माल, जो विनिर्मित निर्यातों का मुख्य अंश है, का निर्यात 39.6 प्रतिशत से कम होकर 22.4 प्रतिशत रह गया। परिवहन उपकरणों के निर्यात में तीव्र वृद्धि दर्ज की गई (एक वर्ष पहले के 9.7 प्रतिशत की तुलना में 41.2 प्रतिशत) । अमरीका, यूएई तथा यूके जैसे मुख्य बाजारों को परिवहन उपकरणों एवं धातुओं के विनिर्मित उत्पादों के निर्यात में अप्रैल-नवम्बर, 2007-08 में वृद्धि दिखाई दी।

प्लास्टिक तथा लिनोलियम में गिरावट और आधारभूत रसायनों, औषधों और कॉस्मेटिक में आई कमी के कारण रसायन और संबद्ध उत्पादों के निर्यात में तेजी से कमी आई और वह 23.8 प्रतिशत से गिरकर 16.4 प्रतिशत रह गया।

एक वर्ष पहले के 10.6 प्रतिशत की तुलना में 9.5 प्रतिशत पर वस्त्र और वस्त्र उत्पाद के निर्यात में सामान्य वृद्धि बनी रही। निर्यात के प्रमुख घटक सूती धागे, कपड़े, तैयार माल, मानव निर्मित धागे, कपड़े, तैयार माल और सिले सिलाए वस्त्र थे।

अप्रैल-नवम्बर, 2007-08 में रत्न और आभूषण के निर्यात में तेज वृद्धि दर्ज की गई (एक वर्ष पहले के 0.4 प्रतिशत की तुलना में 25.5 प्रतिशत) । हांगकांग, यूएई तथा बेल्जियम जैसे प्रमुख बाजारों में निर्यात में वृद्धि दर्ज की गई ।


अप्रैल-नवम्बर, 2007-08 में पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में 35.4 प्रतिशत की वृद्धि (एक वर्ष पहले 79.4 प्रतिशत) दर्ज की गई। पेट्रोलियम उत्पादों के लिए यूएई, सिंगापुर और नीदरलैंड मुख्य बाजार थे।

गंतव्यवार, अमरीका भारत के लिए अकेला सबसे बड़ा बाजार बना रहा तथा समग्र निर्यात में उसका हिस्सा 13.6 प्रतिशत (एक वर्ष पहले 15.4 प्रतिशत) था। अन्य प्रमुख गंतव्य यूएई (10.1 प्रतिशत), चीन (5.9 प्रतिशत), यूके (4.4 प्रतिशत), सिंगापुर (4.4 प्रतिशत), हांगकांग (3.9 प्रतिशत) तथा जर्मनी (3.2 प्रतिशत) थे। क्षेत्रवार, यूरोपियन यूनियन, पूर्वी यूरोप और एशिया के विकासशील देशों को निर्यात में वृद्धि हुई जबकि उत्तरी अमरीका, एशिया और ओसेनिया, ओपेक और अफ्रीका के विकासशील देशों को निर्यात में कमी आई।

## आयात

जनवरी 2008 में भारत के पण्य आयात (22.5 बिलियन अमरीकी डालर) में 63.6 प्रतिशत (जनवरी 2007 में 6.7 प्रतिशत) की वृद्धि दर्ज की गई जो 2007-08 में अब तक दर्ज की गई सर्वाधिक वृद्धि दर है (चार्ट 3)। अप्रैल-जनवरी, 2007-08 में समग्र आयात 191.5 बिलियन अमरीकी डालर था जो एक साल पहले (147.9 बिलियन अमरीकी डालर) की तुलना में 29.5

चार्ट 3 : भारत के आयातों में वृद्धि




**सारणी 2 : कच्चे तेल की कीमतों की प्रवृत्तियां**

(डॉलर/बैरल)

| | दुबई | यूके ब्रेंट | अम. डब्ल्यूटीआइ | भारतीय बास्केट |
|---|---|---|---|---|
| 1995-96 | 16.2 | 17.5 | 18.8 | 16.7 |
| 2000-01 | 25.9 | 28.1 | 30.3 | 26.8 |
| 2001-02 | 21.8 | 23.2 | 24.1 | 22.4 |
| 2002-03 | 25.9 | 27.6 | 29.2 | 26.6 |
| 2003-04 | 26.9 | 29.0 | 31.4 | 27.8 |
| 2004-05 | 36.4 | 42.2 | 45.0 | 39.2 |
| 2005-06 | 53.4 | 58.0 | 59.9 | 55.7 |
| 2006-07 | 60.9 | 64.4 | 64.7 | 62.4 |
| 2006-07 (अप्रैल-जन) | 61.6 | 65.3 | 65.0 | 63.2 |
| 2007-08 (अप्रैल-जन) | 74.1 | 79.0 | 78.6 | 76.2 |
| जन. 2007 | 52.0 | 54.3 | 67.5 | 52.6 |
| जन. 2008 | 87.2 | 91.9 | 93.0 | 89.5 |

टिपणी : 2007-08 के भारतीय बास्केट में 'सावर' ग्रेड के लिए ओमात और 'स्वीट' के लिए ब्रेंट (दिनांक) 61.4:38.6 के अनुपात में शामिल है ।


**स्रोत :** (1) अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोश, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी विश्व पण्य मूल्य पिंक शीट फरवरी 2007 ।
(2) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार

प्रतिशत उच्चतर था। जहां पेट्रोलियम, तेल और स्नेहकों के आयात में कमी आई , वहीं तेल से इतर आयात में तीव्र वृद्धि बनी रही।

अप्रैल-जनवरी, 2007-08 में पेट्रोलियम, तेल और स्नेहकों का आयात 56.9 बिलियन अमरीकी डालर था जो 19.4 प्रतिशत अधिक (एक साल पहले 33.7 प्रतिशत) था। अप्रैल-नवम्बर, 2007-08 में तेल के आयात की मात्रा की वृद्धि में एक साल पहले के 22.6 प्रतिशत की तुलना में कमी आई तथा वह 7.9 प्रतिशत रह गई। अप्रैल-जनवरी, 2007-08 में कच्चे तेल के भारतीय बास्केट का औसत मूल्य 76.2 अमरीकी डालर प्रति बैरल था जो एक वर्ष पहले के मूल्य (63.2 अमरीकी डालर प्रति बैरल ) की तुलना में 20.4 प्रतिशत अधिक था (सारणी 2)।

अप्रैल-जनवरी, 2007-08 में तेल से इतर पदार्थों का आयात एक वर्ष पहले के 21.9 प्रतिशत की तुलना में 34.3 प्रतिशत अधिक था। पूंजीगत माल तथा सोना और चांदी ने मिलकर तेल से इतर आयात की वृद्धि में 49 प्रतिशत का अंशदान किया (चार्ट 4 तथा विवरण 5)। अप्रैल-नवम्बर, 2007 में पूंजीगत माल के आयात में 32.7 प्रतिशत (38.5 प्रतिशत) की वृद्धि हुई जबकि सोने और चांदी के आयात में 40.3 प्रतिशत (21.3 प्रतिशत) की वृद्धि हुई। इस अवधि में आयात में तीव्र वृद्धि दर्शाने वाले तेल से इतर अन्य प्रमुख

चार्ट 4 : चुनिंदा पण्यों के आयातों की वृद्धि दरें (अप्रैल - नवंबर)



उत्पाद कोयला, कोक और ब्रिकेट; मोती, मूल्यवान और अर्ध-मूल्यवान पत्थर; रसायन; लोहा और इस्पात हैं।

स्रोतवार, आयात का प्रमुख स्रोत चीन था जहां से अप्रैल-नवम्बर, 2007 में 11.6 प्रतिशत का आयात हुआ। अन्य प्रमुख स्रोत सऊदी अरब (7.4 प्रतिशत), अमरीका (5.9 प्रतिशत), यूएई (5.5 प्रतिशत),स्विटजरलैंड (4.8 प्रतिशत), ईरान (4.4 प्रतिशत), जर्मनी (4.0 प्रतिशत), तथा ऑस्ट्रेलिया (3.6 प्रतिशत) थे ( विवरण 6)।

## व्यापार घाटा

अप्रैल-जनवरी, 2007-08 में व्यापार घाटा 67.4 बिलियन अमरीकी डालर था जो एक वर्ष पहले (45.7 बिलियन अमरीकी डालर) की तुलना में 21.6 बिलियन अमरीकी डालर अधिक था। अप्रैल-नवम्बर, 2007 में तेल के कारण हुआ व्यापार घाटा 30.1 बिलियन अमरीकी डालर था जो एक वर्ष पहले (26.6 बिलियन अमरीकी डालर) की तुलना में 3.5 बिलियन अमरीकी डालर अधिक था।

## वैश्विक व्यापार

अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी के अनुसार जनवरी-दिसंबर, 2007 में विश्व निर्यात में 15.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई जो एक वर्ष पहले दर्ज की गई वृद्धि (15.3 प्रतिशत) के लगभग बराबर थी (सारणी 3)। औद्योगिक देशों से निर्यात में 13.6 प्रतिशत की उच्चतर वृद्धि (एक साल पहले 12.4 प्रतिशत) दर्ज की गई। विकासशील देशों ने चीन, सिंगापुर और मलेशिया जैसे देशों के द्वारा निर्यात वृद्धि में कमी दर्शाये जाने के साथ जनवरी-दिसंबर, 2007 में वृद्धि में कमी दर्शायी (19.1 प्रतिशत की तुलना में 16.8 प्रतिशत)।

**सारणी 2 : वैश्विक पण्य व्यापार वृद्धि**

(प्रतिशत)

| देश / क्षेत्र | निर्यात (जनवरी-दिसंबर) | | आयात (जनवरी-दिसंबर) | |
|---|---|---|---|---|
| | 2006 | 2007 | 2006 | 2007 |
| विश्व | 15.3 | 15.0 | 15.0 | 14.5 |
| औद्योगिक देश | 12.4 | 13.6 | 13.0 | 11.7 |
| अमरीका | 14.7 | 12.2 | 10.8 | 5.1 |
| यूरोपियन यूनियन | 10.5 | 6.5 | 14.8 | 5.0 |
| जापान | 9.2 | 9.2 | 12.3 | 8.2 |
| फ्रांस | 9.9 | 12.0 | 10.6 | 14.5 |
| जर्मनी | 14.7 | 18.5 | 10.2 | 15.9 |
| स्विटजरलैंड | 12.4 | 16.2 | 18.2 | 14.8 |
| विकासशील देश | 19.1 | 16.8 | 18.1 | 18.6 |
| चीन | 27.2 | 25.6 | 19.9 | 20.8 |
| सिंगापुर | 18.4 | 10.1 | 19.3 | 10.2 |
| कोरिया | 14.4 | 14.2 | 15.6 | 15.3 |
| हांगकांग | 9.4 | 8.8 | 11.6 | 10.0 |
| मलेशिया | 14.0 | 9.6 | 14.4 | 12.0 |

स्रोत : (1) अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी, अंत: मुद्राकोष, (2) यूरोस्टैट

**विवरण 1 : जनवरी 2008 में भारत का विदेश व्यापार**

| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार शेष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 40,703 | 5,544 | 35,159 | 57,245 | 18,502 | 38,743 | -16,542 | -12,958 | -3,584 |
| | (13.5) | (76.3) | (7.5) | (18.8) | (61.2) | (5.6) | | | |
| 2006-07 सं. | 48,357 | 6,334 | 42,022 | 60,992 | 16,659 | 44,333 | -12,636 | -10,325 | -2,311 |
| | (18.8) | (14.3) | (19.5) | (6.5) | (-10.0) | (14.4) | | | |
| 2007-08 अ | 51,740 | .. | .. | 88,608 | 30,364 | 58,244 | -36,868 | | |
| | (7.0) | | | (45.3) | (82.3) | (31.4) | | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 9,168 | 1,249 | 7,919 | 12,894 | 4,167 | 8,727 | -3,726 | -2,919 | -807 |
| | (11.9) | (73.7) | (5.9) | (17.1) | (58.9) | (4.1) | | | |
| 2006-07 सं. | 10,908 | 1,429 | 9,479 | 13,758 | 3,758 | 10,000 | -2,850 | -2,329 | -521 |
| | (19.0) | (14.4) | (19.7) | (6.7) | (-9.8) | (14.6) | | | |
| 2007-08 अ | 13,141 | .. | .. | 22,504 | 7,712 | 14,793 | -9,364 | | |
| | (20.5) | | | (63.6) | (105.2) | (47.9) | | | |
| **मिलियन विशेष आहरण अधिकार** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 6,338 | 863 | 5,474 | 8,913 | 2,881 | 6,032 | -2,576 | -2,018 | -558 |
| | (17.9) | (83.2) | (11.7) | (23.5) | (67.5) | (9.7) | | | |
| 2006-07 सं. | 7,294 | 955 | 6,338 | 9,200 | 2,513 | 6,687 | -1,906 | -1,557 | -349 |
| | (15.1) | (10.7) | (15.8) | (3.2) | (-12.8) | (10.8) | | | |
| 2007-08 अ | 8,296 | .. | .. | 14,208 | 4,869 | 9,339 | -5,912 | | |
| | (13.7) | | | (54.4) | (93.8) | (39.7) | | | |

अ : अनंतिम। सं : संशोधित। .. : अनुपलब्ध।
**टिप्पणी** : कोष्ठक के आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ से संबंधित हैं।
**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 2 : भारत का विदेश व्यापार

| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार शेष | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| **अप्रैल - मार्च** | | | | | | | | | |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2004-05 | 375,340 | 31,404 | 343,935 | 501,065 | 134,094 | 366,971 | -125,725 | -102,690 | -23,035 |
| | (27.9) | (91.5) | (24.2) | (39.5) | (41.9) | (38.7) | | | |
| 2005-06 सं. | 456,418 | 51,533 | 404,885 | 660,409 | 194,640 | 465,769 | -203,991 | -143,107 | -60,884 |
| | (21.6) | (64.1) | (17.7) | (31.8) | (45.2) | (26.9) | | | |
| 2006-07 अ. | 571,779 | 84,520 | 487,259 | 840,506 | 258,572 | 581,935 | -268,727 | -174,052 | -94,675 |
| | (25.3) | (64.0) | (20.3) | (27.3) | (32.8) | (24.9) | | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2004-05 | 83,536 | 6,989 | 76,547 | 111,517 | 29,844 | 81,673 | -27,981 | -22,855 | -5,127 |
| | (30.8) | (95.9) | (27.0) | (42.7) | (45.1) | (41.8) | | | |
| 2005-06 सं. | 103,091 | 11,640 | 91,451 | 149,166 | 43,963 | 105,203 | -46,075 | -32,323 | -13,752 |
| | (23.4) | (66.5) | (19.5) | (33.8) | (47.3) | (28.8) | | | |
| 2006-07 अ. | 126,361 | 18,679 | 107,683 | 185,749 | 57,144 | 128,606 | -59,388 | -38,465 | -20,923 |
| | (22.6) | (60.5) | (17.7) | (24.5) | (30.0) | (22.2) | | | |
| **मिलियन विशेष आहरण अधिकार** | | | | | | | | | |
| 2004-05 | 56,081 | 4,692 | 51,389 | 74,866 | 20,036 | 54,830 | -18,785 | -15,343 | -3,442 |
| | (25.6) | (88.0) | (21.9) | (36.9) | (39.2) | (36.1) | | | |
| 2005-06 सं. | 70,774 | 7,991 | 62,783 | 102,405 | 30,182 | 72,224 | -31,632 | -22,191 | -9,441 |
| | (26.2) | (70.3) | (22.2) | (36.8) | (50.6) | (31.7) | | | |
| 2006-07 अ. | 85,018 | 12,567 | 72,451 | 124,975 | 38,447 | 86,528 | -39,957 | -25,880 | -14,077 |
| | (20.1) | (57.3) | (15.4) | (22.0) | (27.4) | (19.8) | | | |
| **अप्रैल-जनवरी** | | | | | | | | | |
| **करोड़ रुपए** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 364,578 | 41,822 | 322,756 | 521,551 | 157,726 | 363,825 | -156,972 | -115,904 | -41,069 |
| | (25.1) | (63.3) | (21.4) | (32.3) | (45.2) | (27.4) | | | |
| 2006-07 सं. | 464,532 | 71,663 | 392,870 | 672,514 | 216,749 | 455,765 | -207,982 | -145,087 | -62,895 |
| | (27.4) | (71.3) | (21.7) | (28.9) | (37.4) | (25.3) | | | |
| 2007-08 अ. | 500,117 | .. | .. | 771,629 | 229,298 | 542,331 | -271,512 | | |
| | (7.7) | | | (14.7) | (5.8) | (19.0) | | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 82,396 | 9,452 | 72,944 | 117,872 | 35,647 | 82,226 | -35,476 | -26,195 | -9,282 |
| | (27.7) | (66.8) | (24.0) | (35.1) | (48.3) | (30.1) | | | |
| 2006-07 सं. | 102,138 | 15,757 | 86,381 | 147,867 | 47,657 | 100,210 | -45,729 | -31,901 | -13,829 |
| | (24.0) | (66.7) | (18.4) | (25.4) | (33.7) | (21.9) | | | |
| 2007-08 अ. | 124,086 | 17370* | 83144* | 191,453 | 56,892 | 134,560 | -67,366 | | |
| | (21.5) | (35.4) | (22.4) | (29.5) | (19.4) | (34.3) | | | |
| **मिलियन विशेष आहरण अधिकार** | | | | | | | | | |
| 2005-06 | 56,415 | 6,472 | 49,943 | 80,705 | 24,407 | 56,298 | -24,290 | -17,935 | -6,355 |
| | (29.7) | (69.4) | (25.9) | (37.2) | (50.6) | (32.1) | | | |
| 2006-07 सं. | 68,863 | 10,623 | 58,240 | 99,695 | 32,131 | 67,564 | -30,832 | -21,508 | -9,324 |
| | (22.1) | (64.2) | (16.6) | (23.5) | (31.7) | (20.0) | | | |
| 2007-08 अ. | 80,289 | .. | .. | 123,878 | 36,812 | 87,066 | -43,589 | | |
| | (16.6) | | | (24.3) | (14.6) | (28.9) | | | |

अ : अनंतिम। सं. : संशोधित। .. : अनुपलब्ध। * : अप्रैल-नवंबर अवधि से संबंधित आंकड़े।

**टिप्पणी** : 1. कोष्ठक के आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूप अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ से संबंधित हैं।

2. अवधि की औसत विनिमय दर का प्रयोग करते हुए आंकड़ों में परिवर्तन किया गया है।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 3 : भारत से मुख्य वस्तुओं का निर्यात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु समूह | अप्रैल-नवंबर | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **I. प्राथमिक उत्पाद** | **9,588.3** | **11,521.3** | **14,785.9** | **20.2** | **28.3** |
| | **(15.0)** | **(14.3)** | **(14.7)** | | |
| **अ. कृषि और कृषि संबद्ध उत्पाद** | **6,023.9** | **7,518.1** | **9,874.9** | **24.8** | **31.3** |
| *जिसमें:* | **(9.4)** | **(9.3)** | **(9.8)** | | |
| 1. चाय | 269.0 | 320.5 | 309.7 | 19.1 | -3.4 |
| 2. कॉफी | 223.5 | 289.6 | 271.9 | 29.6 | -6.1 |
| 3. चावल | 892.9 | 976.9 | 1,582.3 | 9.4 | 62.0 |
| 4. गेहूं | 125.0 | 7.4 | 0.0 | -94.1 | -99.3 |
| 5. अपशेष सहित कच्ची रूई | 210.3 | 493.2 | 630.5 | 134.5 | 27.9 |
| 6. तंबाकू | 188.2 | 242.5 | 320.6 | 28.9 | 32.2 |
| 7. सीएनएसएल सहित काजू | 401.4 | 366.7 | 352.0 | -8.7 | -4.0 |
| 8. मसाले | 307.4 | 428.4 | 669.0 | 39.4 | 56.2 |
| 9. खली | 443.2 | 561.2 | 799.7 | 26.6 | 42.5 |
| 10. समुद्री उत्पाद | 1,012.9 | 1,116.3 | 1,268.4 | 10.2 | 13.6 |
| 11. चीनी और खांडसारी | 24.5 | 540.2 | 796.4 | 2100.6 | 47.4 |
| **आ. अयस्क और खनिज** | **3,564.4** | **4,003.1** | **4,911.0** | **12.3** | **22.7** |
| *जिसमें से :* | **(5.6)** | **(5.0)** | **(4.9)** | | |
| 1. लौह अयस्क | 2,215.1 | 2,185.2 | 2,832.7 | -1.3 | 29.6 |
| 2. प्रसंस्करित खनिज | 690.2 | 848.9 | 796.1 | 23.0 | -6.2 |
| **II. विनिर्मित वस्तुएं** | **45,451.1** | **54,299.9** | **64,449.8** | **19.5** | **18.7** |
| *जिसमें से :* | **(71.1)** | **(67.2)** | **(64.1)** | | |
| **अ. चमड़ा और उससे बनी वस्तुएं** | **1,734.5** | **1,953.4** | **2,178.8** | **12.6** | **11.5** |
| **आ. रसायन और संबद्ध उत्पाद** | **8,977.3** | **11,116.7** | **12,944.9** | **23.8** | **16.4** |
| 1. मूलभूत रसायन, दवाइयां और प्रसाधन सामग्री | 5,416.3 | 6,940.5 | 8,359.5 | 28.1 | 20.4 |
| 2. प्लास्टिक और लिनोलियम | 1,828.8 | 2,161.6 | 2,139.5 | 18.2 | -1.0 |
| 3. रबड़, कांच, रंग और एनामेल आदि, | 1,306.6 | 1,545.7 | 1,830.3 | 18.3 | 18.4 |
| 4. अवशिष्ट रसायन और संबद्ध उत्पाद | 425.6 | 468.9 | 615.6 | 10.2 | 31.3 |
| **इ. इंजीनियरिंग वस्तुएं** | **13,352.1** | **18,638.3** | **22,819.8** | **39.6** | **22.4** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. धातु से विनिर्मित | 2,625.3 | 3,229.1 | 4,265.9 | 23.0 | 32.1 |
| 2. मशीन और उपकरण | 3,091.5 | 4,317.9 | 5,490.1 | 39.7 | 27.1 |
| 3. परिवहन उपस्कर | 2,708.4 | 2,972.4 | 4,196.1 | 9.7 | 41.2 |
| 4. लोहा और इस्पात | 2,264.3 | 3,387.8 | 3,489.4 | 49.6 | 3.0 |
| 5. इलेक्ट्रोनिक वस्तुएं | 1,332.3 | 1,863.7 | 2,053.8 | 39.9 | 10.2 |
| **ई. वस्त्र और वस्त्र से बने उत्पाद** | **10,106.7** | **11,182.2** | **12,245.2** | **10.6** | **9.5** |
| 1. सूती धागा, कपड़ा, उससे बनी वस्तुएं, आदि, | 2,477.7 | 2,770.6 | 3,013.8 | 11.8 | 8.8 |
| 2. प्राकृतिक रेशमी धागा, कपड़ा, उससे बनी हुई वस्तुएं आदि (सिल्क कतरन सहित) | 289.7 | 294.2 | 250.5 | 1.6 | -14.9 |
| 3. कृत्रिम धागा, कपड़ा, उससे बनी वस्तुएं आदि | 1,235.6 | 1,411.0 | 1,849.8 | 14.2 | 31.1 |
| 4. मानव निर्मित स्टेपल फाइबर | 51.6 | 111.8 | 160.4 | 116.7 | 43.5 |
| 5. ऊनी धागा, कपड़ा, उससे बनी वस्तुएं आदि | 56.3 | 56.2 | 56.1 | -0.1 | -0.2 |
| 6. तैयार वस्त्र | 5,174.1 | 5,640.8 | 6,019.5 | 9.0 | 6.7 |
| 7. जूट और जूट उत्पाद | 197.6 | 198.3 | 206.8 | 0.3 | 4.3 |
| 8. कॉयर और कॉयर उत्पाद | 88.4 | 91.1 | 107.1 | 3.0 | 17.6 |
| 9. कार्पेट | 535.8 | 608.2 | 581.3 | 13.5 | -4.4 |
| (क) हस्तनिर्मित कार्पेट | 522.7 | 592.5 | 573.5 | 13.4 | -3.2 |
| (ख) मिल में निर्मित कार्पेट | 0.0 | 0.0 | 0.0 | | |
| (ग) रेशमी कार्पेट | 13.1 | 15.7 | 7.8 | 20.0 | -50.4 |
| **उ. रत्न और आभूषण** | **10,317.5** | **10,358.9** | **12,997.5** | **0.4** | **25.5** |
| **ऊ. हस्त शिल्प** | **317.0** | **303.6** | **292.1** | **-4.2** | **-3.8** |
| **III. पेट्रोलियम उत्पाद** | **7,150.3** | **12,827.8** | **17,370.1** | **79.4** | **35.4** |
| | **(11.2)** | **(15.9)** | **(17.3)** | | |
| **IV. अन्य** | **1,692.6** | **2,110.9** | **3,908.5** | **24.7** | **85.2** |
| | **(2.6)** | **(2.6)** | **(3.9)** | | |
| **कुल निर्यात** | **63,882.3** | **80,759.9** | **100,514.3** | **26.4** | **24.5** |

अ - अनंतिम।

**टिप्पणी** : कोष्ठक के आंकड़े उस अवधि के कुल निर्यात के प्रति प्रतिशत से संबंधित हैं।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 4 : भारत के विदेशी व्यापार की दिशा - निर्यात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| समूह/देश | अप्रैल-नवंबर | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **28718.7** | **33276.1** | **39873.8** | **15.9** | **19.8** |
| **अ. यूरोपीय संघ** | **13910.0** | **16196.2** | **20785.3** | **16.4** | **28.3** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 1769.6 | 2138.6 | 2713.1 | 20.9 | 26.9 |
| 2. फ्रान्स | 1277.7 | 1350.0 | 1598.1 | 5.7 | 18.4 |
| 3. जर्मनी | 2197.6 | 2495.0 | 3241.2 | 13.5 | 29.9 |
| 4. इटली | 1484.2 | 2241.6 | 2489.8 | 51.0 | 11.1 |
| 5. नीदरलैंड | 1640.8 | 1553.1 | 3151.5 | -5.3 | 102.9 |
| 6. ब्रिटेन | 3226.0 | 3581.6 | 4448.8 | 11.0 | 24.2 |
| **आ. उत्तरी अमरीका** | **11643.8** | **13154.5** | **14445.8** | **13.0** | **9.8** |
| 1. कनाडा | 633.6 | 733.5 | 806.6 | 15.8 | 10.0 |
| 2. अमरीका | 11010.2 | 12421.1 | 13639.2 | 12.8 | 9.8 |
| **इ. एशिया और ओसीनिया** | **2178.3** | **2794.3** | **3011.1** | **28.3** | **7.8** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 546.9 | 595.5 | 762.9 | 8.9 | 28.1 |
| 2. जापान | 1524.9 | 1739.6 | 2157.3 | 14.1 | 24.0 |
| **ई. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **986.6** | **1131.2** | **1631.7** | **14.7** | **44.3** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. स्विट्जरलैंड | 298.2 | 275.1 | 384.5 | -7.7 | 39.8 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **9095.5** | **13640.9** | **17035.7** | **50.0** | **24.9** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 811.3 | 1187.3 | 1154.7 | 46.4 | -2.7 |
| 2. ईरान | 657.9 | 1094.8 | 1544.1 | 66.4 | 41.0 |
| 3. ईराक | 64.2 | 124.8 | 143.7 | 94.6 | 15.1 |
| 4. कुवैत | 330.5 | 415.5 | 416.6 | 25.7 | 0.3 |
| 5. सऊदी अरब | 1136.4 | 1631.0 | 2178.4 | 43.5 | 33.6 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 5095.4 | 8011.7 | 10145.0 | 57.2 | 26.6 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **1254.1** | **1550.2** | **2106.8** | **23.6** | **35.9** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. रूमानिया | 53.8 | 89.4 | 176.8 | 66.2 | 97.7 |
| 2. रूस | 463.2 | 563.3 | 574.8 | 21.6 | 2.1 |
| **IV. विकासशील देश** | **24638.3** | **32117.9** | **41155.3** | **30.4** | **28.1** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| **अ. एशिया** | **19227.9** | **23769.8** | **29832.6** | **23.6** | **25.5** |
| **क) दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **3530.1** | **4202.9** | **5194.0** | **19.1** | **23.6** |
| 1. बांग्लादेश | 1015.0 | 1066.5 | 1412.7 | 5.1 | 32.5 |
| 2. भूटान | 67.0 | 33.2 | 56.0 | - | 68.8 |
| 3. मालदीव | 46.0 | 44.1 | 55.9 | -4.1 | 26.7 |
| 4. नेपाल | 544.3 | 638.8 | 820.6 | 17.4 | 28.4 |
| 5. पाकिस्तान | 368.1 | 871.0 | 1081.1 | 136.6 | 24.1 |
| 6. श्रीलंका | 1403.0 | 1440.7 | 1606.6 | 2.7 | 11.5 |
| 7. अफगानिस्तान | 86.7 | 108.5 | 161.2 | 25.2 | 48.6 |
| **ख) अन्य एशियाई विकासशील देश** | **15697.8** | **19566.9** | **24638.6** | **24.6** | **25.9** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 3875.2 | 4754.2 | 5883.1 | 22.7 | 23.7 |
| 2. हांगकांग | 2923.6 | 2929.2 | 3946.8 | 0.2 | 34.7 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 1029.3 | 1535.6 | 1457.4 | 49.2 | -5.1 |
| 4. मलेशिया | 697.7 | 848.7 | 1411.1 | 21.6 | 66.3 |
| 5. सिंगापुर | 3631.9 | 4176.2 | 4461.6 | 15.0 | 6.8 |
| 6. थाईलैंड | 667.8 | 890.0 | 1136.0 | 33.3 | 27.6 |
| **आ. अफ्रीका** | **3441.2** | **5664.6** | **7837.8** | **64.6** | **38.4** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेनिन | 66.1 | 99.6 | 147.5 | 50.7 | 48.0 |
| 2. मिश्र अरब गणराज्य | 389.1 | 436.9 | 840.9 | 12.3 | 92.5 |
| 3. केन्या | 292.5 | 958.3 | 805.7 | 227.6 | -15.9 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 989.1 | 1501.2 | 1616.4 | 51.8 | 7.7 |
| 5. सूडान | 201.9 | 267.9 | 250.3 | 32.7 | -6.6 |
| 6. तंजानिया | 153.2 | 191.9 | 359.7 | 25.3 | 87.5 |
| 7. जांबिया | 43.5 | 73.9 | 100.1 | 70.0 | 35.6 |
| **ई. लैटिन अमरीकी देश** | **1969.3** | **2683.6** | **3484.8** | **36.3** | **29.9** |
| **V. अन्य** | **64.6** | **71.0** | **93.5** | **10.0** | **31.6** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **111.1** | **103.8** | **249.2** | **-6.6** | **140.1** |
| **कुल निर्यात** | **63882.3** | **80759.9** | **100514.3** | **26.4** | **24.5** |

**अ : अंनतिम**
**स्रोत - वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय**

## विवरण 5 : भारत में प्रमुख पण्यों का आयात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु समूह | अप्रैल-नवंबर | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| (1) | (2) | (3) | (4) | (5) | (6) |
| **I. थोक आयात** | **39,399.3** | **56,472.3** | **69,279.2** | **43.3** | **22.7** |
| | **(42.2)** | **(47.3)** | **(45.1)** | | |
| **क. पेट्रोलियम, पेट्रोलियम के उत्पाद और संबद्ध सामग्री** | **27,751.5** | **39,418.5** | **47,430.5** | **42.0** | **20.3** |
| | **(29.7)** | **(33.0)** | **(30.9)** | | |
| **ख. थोक उपभोग वस्तुएं** | **2,050.7** | **2,336.1** | **2,976.7** | **13.9** | **27.4** |
| 1. गेहूं | 0.0 | 265.3 | 269.1 | - | - |
| 2. अनाज और अनाज से निर्मित पदार्थ | 19.5 | 23.7 | 23.7 | 21.4 | 0.3 |
| 3. खाद्य तेल | 1,475.7 | 1,522.5 | 1,861.5 | 3.2 | 22.3 |
| 4. दाल | 408.5 | 523.9 | 821.8 | 28.3 | 56.9 |
| 5. चीनी | 147.0 | 0.7 | 0.5 | - | - |
| **ग. अन्य थोक मदें** | **9,597.1** | **14,717.7** | **18,872.1** | **53.4** | **28.2** |
| 1. उर्वरक | 1,486.0 | 2,338.6 | 3,598.4 | 57.4 | 53.9 |
| क) कच्चा माल | 212.0 | 237.3 | 280.0 | 11.9 | 18.0 |
| ख) सल्फर और अनरोस्टेड आयरन पाइराइट्स | 95.8 | 69.2 | 156.4 | -27.8 | 126.1 |
| ग) विनिर्मित वस्तुएं | 1,178.2 | 2,032.2 | 3,162.0 | 72.5 | 55.6 |
| 2. अलौह धातु | 1,209.3 | 1,696.4 | 2,256.7 | 40.3 | 33.0 |
| 3. कागज़, कागजी बोर्ड और न्यूज़प्रिंट सहित विनिर्मित सामग्री | 641.0 | 857.9 | 949.2 | 33.8 | 10.6 |
| 4. कच्चा रबड़, कृत्रिम और द्वितीय श्रेणी उत्पाद सहित | 297.6 | 390.1 | 498.3 | 31.1 | 27.7 |
| 5. लुगदी और रद्दी कागज़ | 394.3 | 413.3 | 508.4 | 4.8 | 23.0 |
| 6. धातुमय कच्चा अयस्क और रद्दी धातु | 2,412.7 | 4,969.0 | 5,198.3 | 105.9 | 4.6 |
| 7. लौहा और इस्पात | 3,156.1 | 4,052.5 | 5,862.8 | 28.4 | 44.7 |
| **II. थोक से इतर आयात** | **54,060.2** | **63,014.3** | **84,193.4** | **16.6** | **33.6** |
| | **(57.8)** | **(52.7)** | **(54.9)** | | |
| **क. पूंजीगत वस्तुएं** | **19,640.0** | **27,211.2** | **36,097.4** | **38.5** | **32.7** |
| 1. धातु से निर्मित | 786.9 | 967.7 | 1,518.1 | 23.0 | 56.9 |
| 2. मशीन औजार | 646.8 | 946.0 | 1,369.2 | 46.3 | 44.7 |
| 3. इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर मशीनें | 6,203.1 | 8,678.0 | 11,809.2 | 39.9 | 36.1 |
| 4. इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर इलेक्ट्रिकल मशीनें | 939.5 | 1,279.6 | 1,830.3 | 36.2 | 43.0 |
| 5. कंप्यूटर सॉफ्टवेयर सहित इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं | 8,682.0 | 11,189.3 | 14,355.1 | 28.9 | 28.3 |
| 6. परिवहन के साधन | 1,858.8 | 2,922.6 | 4,103.2 | 57.2 | 40.4 |
| 7. परियोजना वस्तुएं | 523.0 | 1,228.1 | 1,112.3 | 134.8 | -9.4 |
| **ख. मुख्यत: निर्यात से संबद्ध मदें** | **13,168.2** | **12,025.3** | **14,499.4** | **-8.7** | **20.6** |
| 1. मोती, मूल्यवान और अर्ध मूल्यवान पत्थर | 6,727.9 | 5,007.0 | 6,054.4 | -25.6 | 20.9 |
| 2. रसायन, आर्गेनिक और इनऑर्गेनिक | 4,677.7 | 5,229.9 | 6,541.5 | 11.8 | 25.1 |
| 3. टेक्सटाइल यार्न, फैब्रिक, आदि | 1,412.8 | 1,492.4 | 1,630.8 | 5.6 | 9.3 |
| 4. काजू नट, कच्चा | 349.9 | 296.1 | 272.6 | -15.4 | -7.9 |
| **ग. अन्य** | **21,251.9** | **23,777.8** | **33,596.6** | **11.9** | **41.3** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. सोना और चांदी | 7,951.0 | 9,644.3 | 13,532.5 | 21.3 | 40.3 |
| 2. कृत्रिम राल (रेजिन) और प्लास्टिक सामग्री | 1,569.5 | 1,733.8 | 2,392.2 | 10.5 | 38.0 |
| 3. इलेक्ट्रिकल को छोड़कर व्यावसायिक उपकरण | 1,271.2 | 1,509.1 | 1,984.0 | 18.7 | 31.5 |
| 4. कोयला, कोक और ब्रिकेट आदि | 2,448.2 | 2,959.7 | 4,095.4 | 20.9 | 38.4 |
| 5. औषधीय और भेषज उत्पाद | 652.2 | 783.4 | 1,104.5 | 20.1 | 41.0 |
| 6. रासायनिक सामग्री और उत्पाद | 713.9 | 925.0 | 1,045.7 | 29.6 | 13.0 |
| 7. अधात्विक खनिज विनिर्माण | 416.7 | 512.5 | 664.2 | 23.0 | 29.6 |
| **कुल आयात** | **93,459.4** | **119,486.7** | **153,472.6** | **27.8** | **28.4** |
| *ज्ञापन मदें* | | | | | |
| **तेल से इतर आयात** | **65,707.9** | **80,068.1** | **106,042.1** | **21.9** | **32.4** |
| **सोने और चांदी को छोड़कर तेल से इतर आयात** | **57,757.0** | **70,423.8** | **92,509.6** | **21.9** | **31.4** |
| **मुख्यत: औद्योगिक निविष्टियां *** | **53,256.9** | **64,546.4** | **84,387.0** | **21.2** | **30.7** |

अ : अनंतिम।

**टिप्पणी** : कोष्ठक के आंकड़े उस अवधि के कुल आयात के प्रतिशत से संबंधित हैं।

* : सोने और चांदी को छोड़कर तेल से इतर आयात, थोक उपभोग की वस्तुएं, विनिर्मित उर्वरक और व्यावसायिक उपकरण।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 6 : भारत के विदेशी व्यापार की दिशा - आयात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| समूह/देश | अप्रैल-नवंबर | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2005-06 | 2006-07 | 2007-08 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **31003.9** | **38837.7** | **51134.3** | **25.3** | **31.7** |
| **अ. यूरोपीय संघ** | **14623.0** | **17018.4** | **21689.0** | **16.4** | **27.4** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 3327.4 | 2709.0 | 3429.0 | -18.6 | 26.6 |
| 2. फ्रान्स | 1012.1 | 1445.3 | 1711.7 | 42.8 | 18.4 |
| 3. जर्मनी | 3762.5 | 4860.5 | 6061.7 | 29.2 | 24.7 |
| 4. इटली | 1163.8 | 1672.1 | 2471.5 | 43.7 | 47.8 |
| 5. नीदरलैंड | 702.0 | 715.3 | 1081.7 | 1.9 | 51.2 |
| 6. ब्रिटेन | 2672.9 | 2683.1 | 3429.3 | 0.4 | 27.8 |
| **आ. उत्तरी अमरीका** | **5802.7** | **7772.9** | **10383.2** | **34.0** | **33.6** |
| 1. कनाडा | 636.7 | 890.1 | 1280.3 | 39.8 | 43.8 |
| 2. अमरीका | 5166.0 | 6882.8 | 9103.0 | 33.2 | 32.3 |
| **इ. एशिया और ओसीनिया** | **5695.3** | **7684.3** | **9949.6** | **34.9** | **29.5** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 3268.7 | 4630.3 | 5588.4 | 41.7 | 20.7 |
| 2. जापान | 2289.3 | 2868.4 | 4145.1 | 25.3 | 44.5 |
| **ई. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **4882.9** | **6362.1** | **9112.6** | **30.3** | **43.2** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. स्विटजरलैंड | 4615.1 | 5798.0 | 7435.2 | 25.6 | 28.2 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **7466.2** | **37666.2** | **46046.9** | **404.5** | **22.2** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 1946.0 | 2355.2 | 3118.2 | 21.0 | 32.4 |
| 2. ईरान | 469.4 | 5011.4 | 6694.6 | 967.6 | 33.6 |
| 3. ईराक | 1.3 | 3992.8 | 3897.2 | - | - |
| 4. कुवैत | 283.0 | 3960.2 | 4047.0 | 1299.6 | 2.2 |
| 5. सऊदी अरब | 1040.8 | 9393.2 | 11424.7 | 802.5 | 21.6 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 3083.0 | 5647.5 | 8371.7 | 83.2 | 48.2 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **2724.7** | **3011.0** | **3468.9** | **10.5** | **15.2** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. रूमानिया | 203.1 | 160.0 | 281.9 | -21.2 | 76.2 |
| 2. रूस | 1475.5 | 1343.0 | 1638.4 | -9.0 | 22.0 |
| **IV. विकासशील देश** | **24308.5** | **39436.4** | **52356.8** | **62.2** | **32.8** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| **अ. एशिया** | **19428.0** | **31541.7** | **41676.1** | **62.4** | **32.1** |
| **क ) दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **917.3** | **1014.3** | **1123.9** | **10.6** | **10.8** |
| 1. बांग्लादेश | 71.5 | 161.5 | 170.7 | 126.0 | 5.7 |
| 2. भूटान | 54.8 | 80.2 | 136.9 | 46.4 | 70.7 |
| 3. मालदीव | 1.3 | 2.2 | 2.7 | - | - |
| 4. नेपाल | 252.1 | 199.7 | 253.1 | -20.8 | 26.7 |
| 5. पाकिस्तान | 123.6 | 211.7 | 194.5 | 71.3 | -8.1 |
| 6. श्रीलंका | 379.4 | 328.8 | 305.8 | -13.3 | -7.0 |
| 7. अफगानिस्तान | 34.7 | 30.2 | 60.3 | -13.1 | 100.0 |
| **ख) अन्य एशियाई विकासशील देश** | **18510.7** | **30527.4** | **40552.2** | **64.9** | **32.8** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 6930.5 | 11152.3 | 17808.4 | 60.9 | 59.7 |
| 2. हांगकांग | 1416.1 | 1617.5 | 1892.2 | 14.2 | 17.0 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 2854.9 | 3234.9 | 3754.0 | 13.3 | 16.0 |
| 4. मलेशिया | 1564.5 | 3610.6 | 3960.8 | 130.8 | 9.7 |
| 5. सिंगापुर | 2041.6 | 3722.8 | 5101.4 | 82.3 | 37.0 |
| 6. थाईलैंड | 813.2 | 1111.2 | 1570.6 | 36.6 | 41.3 |
| **आ. अफ्रीका** | **3149.1** | **4696.6** | **6931.4** | **49.1** | **47.6** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेनिन | 70.1 | 68.4 | 61.2 | -2.4 | -10.6 |
| 2. मिश्र अरब गणराज्य | 170.6 | 1210.2 | 1308.4 | 609.6 | 8.1 |
| 3. केन्या | 32.6 | 37.8 | 57.6 | 15.9 | 52.4 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 1671.2 | 1784.9 | 2493.1 | 6.8 | 39.7 |
| 5. सूडान | 21.4 | 51.4 | 198.6 | 139.8 | 286.4 |
| 6. तंजानिया | 53.6 | 38.9 | 58.1 | -27.4 | 49.4 |
| 7. जांबिया | 23.9 | 73.4 | 65.6 | - | -10.7 |
| **इ. लैटिन अमरीकी देश** | **1731.3** | **3198.0** | **3749.2** | **84.7** | **17.2** |
| **V. अन्य** | **19.9** | **37.6** | **49.1** | **88.7** | **30.6** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **27936.3** | **497.9** | **416.7** | **-98.2** | **-16.3** |
| **कुल निर्यात** | **93459.4** | **119486.7** | **153472.6** | **27.8** | **28.4** |

अ : अनंतिम

**टिप्पणी** : 2006-07 के आंकड़े, जिसमें पेट्रोलियम आयात का देशवार वितरण शामिल है, पिछले वर्षों के आंकड़ों से तुलनीय नहीं हैं।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।